# झारखण्ड विधान सभा

## दैनिक विवरणिका

चतुर्थ झारखण्ड विधान सभा — एकादश (शीतकालीन) सत्र

संख्या-01 — मंगलवार, दिनांक-12 दिसम्बर, 2017 ई०।

समय-11.00 बजे पूर्वाह्न से 11.35 बजे पूर्वा० तक।

माननीय अध्यक्ष महोदय ने आसन ग्रहण किया।

### 1.प्रारंभिक वक्तव्य:-

माननीय अध्यक्ष महोदय द्वारा एकादश (शीतकालीन) सत्र के अवसर पर सभी माननीय सदस्यों का हार्दिक अभिनन्दन किया गया और विगत सत्र से लेकर अब तक की अवधि में घटित महत्त्वपूर्ण संसदीय घटनाओं से सदन को अवगत कराया जिनमें राष्ट्रमंडल संसदीय संघ का 63वाँ अंतर्राष्ट्रीय सम्मेलन भी एक है जो भारतीय उप महाद्वीप बांग्लादेश की राजधानी ढ़ाका में सम्पन्न हुआ। उक्त सम्मेलन के जलवायु परिवर्तन पर राष्ट्रमण्डल की चुनौती तथा सरकारी प्रक्रियाओं में युवाओं की प्रभावशाली भूमिका, ये दो मुख्य बिन्दु थे जिसपर माननीय अध्यक्ष महोदय ने अपना सारगर्भित विचार अभिव्यक्त किया। जलवायु परिवर्त्तन के दुष्प्रभाव से बचाव एवं बेहतर भारत तथा बेहतर विश्व का निर्माण कैसे हो, इसपर भी सम्मेलन में चिन्ता व्यक्त की गयी और फिर समाधान पर भी सार्थक चर्चायें हुई।

दिनांक-22 नवम्बर, 2017 को झारखण्ड विधान सभा की 17वीं वर्षगांठ मनायी गयी जिसमें माननीय राज्यपाल महोदया द्वारा उत्कृष्ट विधायक के रूप में सम्मानित श्रीमती बिमला प्रधान को सदन की ओर से हार्दिक बधाई दी गयी तथा उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना भी की गयी। आगामी दिनों सदन पटल पर रखे जाने वाले अनुपूरक बजट एवं अन्य विषयों पर सार्थक चर्चायें किये जाने की भावना से भी आसन द्वारा सदन को अवगत कराया गया। उन्होंने दलीय नेताओं तथा कार्य-मंत्रणा समिति की बैठक में आये सुझावों से भी सदन को अवगत कराया तदनुसार सभा सत्र के प्रथम दिन की प्रारम्भिक औपचारिकताओं को पूरा करने के उपरांत अन्य कार्य दिवसों की भाँति प्रश्न एवं ध्यानाकर्षण प्रस्ताव सहित अन्य विधायी कार्य भी लिये जायेंगे। आसन द्वारा इसमें सरकार से भी सार्थक पहल की अपेक्षा की गयी।

(कृपया पृष्ठ उल्टें)

## 2.सभापति तालिका की घोषणा:-

झारखण्ड विधान सभा की प्रक्रिया तथा कार्य संचालन के नियम-10 (1) के अधीन निम्नांकित माननीय सदस्यों को **एकादश (शीतकालीन) सत्र** के लिए सभापति के रूप में मनोनीत करने की घोषणा आसन द्वारा की गयी-

| | |
|---|---|
| श्री स्टीफन मराण्डी, | स० वि० स० |
| श्री अशोक कुमार, | स० वि० स० |
| श्री फूलचन्द मण्डल, | स० वि० स० |
| श्री आलमगीर आलम, | स० वि० स० |
| श्रीमती गीता कोड़ा, | स० वि० स०। |

**(इस क्रम में माननीय सदस्य, श्री प्रदीप यादव ने वर्तमान सत्र के लघु होने पर चिन्ता जाहिर करते हुए अपनी भावनाओं को व्यक्त करते हुए आसन से आग्रह किया कि कतिपय ज्वलंत मुद्दों पर चर्चायें नहीं हो पायेंगी, इसलिए सत्र की अवधि बढ़ायी जाय। आसन द्वारा उन्हें कार्य-मंत्रणा समिति की बैठक में सुझाव देने हेतु निदेश दिया गया।)**

## 3.समिति का गठन:-

झारखण्ड विधान सभा की प्रक्रिया तथा कार्य संचालन के नियम 224 (2) के अधीन चतुर्थ झारखण्ड विधान सभा के **एकादश (शीतकालीन) सत्र** के लिए कार्यमंत्रणा समिति का गठन निम्न प्रकार से किये जाने की घोषणा आसन द्वारा की गयी-

| | | |
|---|---|---|
| श्री दिनेश उरांव | अध्यक्ष | सभापति, |
| श्री रघुवर दास | मुख्यमंत्री, | सदस्य, |
| श्री हेमन्त सोरेन | नेता, प्रतिपक्ष, | सदस्य, |
| श्री सरयू राय | संसदीय कार्य मंत्री | सदस्य, |
| श्री चन्द्रप्रकाश चौधरी | मंत्री, | सदस्य, |
| श्री आलमगीर आलम | स० वि० स०, | सदस्य, |
| श्री प्रदीप यादव | स० वि० स०, | सदस्य। |

### विशेष आमंत्रित सदस्य

| | |
|---|---|
| श्री चन्द्रेश्वर प्रसाद सिंह | मंत्री, |
| श्री नीलकण्ठ सिंह मुण्डा | मंत्री, |
| श्री राधाकृष्ण किशोर | मुख्य सचेतक (सत्तापक्ष) |
| श्री नलिन सोरेन | मुख्य सचेतक (प्रतिपक्ष) |
| श्री स्टीफन मराण्डी | स० वि० स०, |
| श्री सुखदेव भगत | स० वि० स०, |
| श्री रवीन्द्रनाथ महतो | स० वि० स०, |
| श्री सत्येन्द्रनाथ तिवारी | स० वि० स०, |
| श्री बिरंची नारायण | स० वि० स०, |
| श्री अरूप चटर्जी | स० वि० स०, |
| श्रीमती गीता कोड़ा | स० वि० स०, |
| श्री राजकुमार यादव | स० वि० स०, |

(P.T.O)

श्री कुशवाहा शिवपूजन मेहता — स० वि० स०,

श्री अनंत कुमार ओझा — स० वि० स०।

नियमानुसार अध्यक्ष इस समिति के सभापति तथा सभा सचिव इसके सचिव होंगे। सभा की कार्यवाही समाप्त होने के तुरंत बाद उक्त समिति की बैठक अध्यक्षीय कार्यालय मे आहूत होने की सूचना आसन द्वारा समिति के माननीय सदस्यों को देते हुए उनसे उपस्थित रहने का अनुरोध किया गया।

## 4.औपचारिक कार्य:-

भारतीय संविधान के अनुच्छेद-213 के खण्ड-2(क) के अनुसरण में माननीय राज्यपाल द्वारा प्रख्यापित निम्नांकित अध्यादेश की एक प्रति माननीय संसदीय कार्य मंत्री, श्री सरयू राय द्वारा सभा पटल पर रखी गयी-

**क्रम संख्या — अध्यादेश का नाम एवं संख्या**

**01.** झारखण्ड मूल्यवर्द्धित कर (संशोधन) अध्यादेश, 2017 (अध्यादेश संख्या-03/2017)।

इसके उपरांत विगत सत्रों में उद्भूत एवं सभा द्वारा पारित विधेयकों की विवरणी सभा सचिव द्वारा सदन पटल पर रखी गयी जिसपर माननीय राष्ट्रपति महोदय एवं राज्यपाल महोदया द्वारा अपनी अनुमति प्रदान की गयी और जिसकी सूचना चतुर्थ झारखण्ड विधान सभा के दशम् (मॉनसून) सत्र की समाप्ति के उपरांत प्राप्त हुई है:-

माननीय राष्ट्रपति महोदय द्वारा अनुमत विधेयकों की विवरणी-

| क्रमांक | अनुमत विधेयक का नाम | अनुमति की तिथि | अधिनियम संख्या |
|---|---|---|---|
| 1. | झारखण्ड विशेष न्यायालय विधेयक, 2016 | 27.09.2017 | 21/2017 |
| 2. | औद्योगिक विवाद(झारखण्ड संशोधन) विधेयक, 2016 | 23.08.2017 | 22/2017 |

माननीय राज्यपाल महोदया द्वारा अनुमत विधेयकों की विवरणी-

| क्रमांक | अनुमत विधेयक का नाम | अनुमति की तिथि | अधिनियम संख्या |
|---|---|---|---|
| 1. | झारखण्ड विनियोग(संख्या-3) विधेयक, 2017 | 21.08.2017 | 16/2017 |
| 2. | झारखण्ड धर्म स्वतंत्र विधेयक, 2017 | 06.09.2017 | 17/2017 |
| 3. | झारखण्ड लिफ्ट और एस्केलेटर, विधेयक, 2017 | 08.09.2017 | 18/2017 |
| 4. | झारखण्ड मूल्यवर्द्धित कर (संशोधन) विधेयक, 2017 | 06.09.2017 | 19/2017 |
| 5. | झारखण्ड आधार(लक्षित वित्तीय एवं अन्य सहायिकी लाभ और सेवा प्रदाय) विधेयक, | 15.09.2017 | 20/2017 |

(P.T.O.)

## 5.<u>सदन पटल पर कागजात का रखा जाना:-</u>

झारखण्ड विधान सभा की प्रक्रिया तथा कार्य-संचालन के नियम-244(2) के अधीन चतुर्थ झारखण्ड विधान सभा के दशम् (मानसून) सत्र में विभिन्न विषयों पर सरकार द्वारा दिये गये आश्वासनों से सम्बन्धित कृत कार्रवाई प्रतिवेदन की एक प्रति माननीय संसदीय कार्य मंत्री, श्री सरयू राय द्वारा सभा पटल पर रखी गयी।

## 6. <u>शोक प्रकाश:-</u>

विगत सत्र से लेकर अबतक की अवधि मे अनेक महत्वपूर्ण राजनेता एवं समाजसेवी तथा अन्य कतिपय व्यक्ति हमारे बीच से रुखसत हो गये जिनमे राष्ट्रीय जनता दल के सांसद, तस्लीमुद्दीन, कांग्रेस के वरिष्ठ नेता, प्रियरंजन दास मुंशी, पूर्व मंत्री, भोला सिंह, पूर्व सांसद, गया सिंह एवं श्यामा सिंह, एकीकृत बिहार विधान परिषद् के पूर्व सदस्य तथा मुंगेर के पूर्व सांसद, धनराज सिंह, गांधी परिवार के करीबी कांग्रेस के वरिष्ठ नेता, माखनलाल फोतेदार, पूर्व मंत्री एवं जहानाबाद से राष्ट्रीय जनता दल के विधायक मुंद्रिका सिंह यादव, बिहार के भभुआ से निर्वाचित भारतीय जनता पार्टी के वर्तमान विधायक, आनंद भूषण पाण्डेय, फिल्म अभिनेता शशि कपूर, अभिनेत्री, शकीला, सैन्य अधिकारी, मार्शल अर्जन सिंह एवं शास्त्रीय संगीतकार गिरिजा देवी, मणिपुर मे असम रायफल्स मे कार्यरत चान्हो(झारखण्ड) के जयप्रकाश उरांव जो उग्रवादी मुठभेड़ मे शहीद हुए, श्रीनगर मे सीमा सुरक्षा बल के शिविर पर हुए आत्मघाती हमले मे शहीद साहिबगंज के सहायक उप निरीक्षक ब्रज किशोर यादव, हिन्दी मे सबसे लम्बा उपन्यास लिखनेवाले वरिष्ठ साहित्यकार मनु शर्मा, ज्ञानपीठ पुरस्कार से सम्मानित हिन्दी के वरिष्ठ कवि कुंवर नारायण, विश्वविद्यालय अनुदान आयोग के पूर्व अध्यक्ष एवं इतिहासकार प्रो० सतीश चन्द्रा एवं एन.टी.पी.सी. मे ब्वॉयलर फटने से हुई 20 लोगों की मृत्यु, बिहार मे बाढ़ से हुई मौतें और पुरी से हरिद्वार जा रही कलिंगा-उत्कल एक्सप्रेस ट्रेन हादसे में मृत यात्रियों के प्रति आसन द्वारा गहरी संवेदना व्यक्त की गयी। **इस क्रम में माननीय संसदीय कार्य मंत्री, श्री सरयू राय द्वारा आसन का ध्यान आकृष्ट करते हुए आग्रह किया गया कि एक महान् अंतर्राष्ट्रीय वैज्ञानिक, लालजी सिंह का भी असामयिक निधन हो गया है अतएव इनका भी नाम शोक-प्रकाश में जोड़ दिया जाय जिसे आसन द्वारा स्वीकृति प्रदान की गयी।**

इसके बाद बारी-बारी से क्रमश: माननीय मुख्यमंत्री, श्री रघुवर दास, माननीय नेता प्रतिपक्ष, श्री हेमन्त सोरेन, माननीय मंत्री, श्री चन्द्रप्रकाश चौधरी, माननीय सदस्य, सर्वश्री आलमगीर आलम, प्रदीप यादव, अरुप चटर्जी, राज कुमार यादव एवं श्री कुशवाहा शिवपूजन मेहता ने भी शोक-संवेदनायें व्यक्त की तत्पश्चात् दो मिनट का मौन रखा गया। इसके उपरांत सभा की कार्यवाही बुधवार, दिनांक-13, दिसम्बर, 2017 के 11.00 बजे पूर्वाह्न तक के लिए स्थगित की गयी ।

रॉंची,
दिनांक- 12, दिसम्बर, 2017 ई०।

विनय कुमार सिंह,
प्रभारी सचिव,
झारखण्ड विधान सभा।

—x—